गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2019

10 मई, 2019

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	2. लिस्टिंग विभाग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,
भवदीय,

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल ने जगदीशपुर - हल्दिया तथा बोकारो - धामरा पाइपलाइन परियोजना के कार्य की प्रगति को तीव्र किया

लाइन पाइप की आपूर्ति और बिछाने के लिए रु.10,500 करोड़ का कार्य सौंपा गया

नई दिल्ली, 10 मई, 2019: जगदीशपुर - हल्दिया तथा बोकारो - धामरा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना (जेएचबीडीपीएल) और बरौनी - गुवाहाटी (बीजीपीएल) पाइपालाइन के निर्माण की गति को बढ़ाते हुए, गेल ने एकीकृत 3,400 किलोमीटर लंबी परियोजना हेतु पाइप की आपूर्ति और उसे बिछाने के लिए रु.10,500 करोड़ के सभी प्रमुख अनुबंधों को सौंपने का कार्य पूरा कर लिया है।

गेल ने पश्चिम बंगाल में कोलकाता की संबद्ध लाइन सहित दुर्गापुर से हल्दिया तक पाइपलाइन कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने हेतु रु.475 करोड़ की लगभग 280 किलोमीटर स्टील लाइन पाइप का आदेश प्रदान कर दिया है। अब तक, कंपनी ने परियोजना के लिए रु.12,500 करोड़ से अधिक की प्रतिबद्धता जताई है।

पाइपलाइन पहले ही बरौनी पहुँच चुकी है और रिफाइनरी तथा आगमी उर्वरक संयंत्र के लिए गैस की आपूर्ति प्रारंभ करने के लिए गेल तैयार है। यह पाइपलाइन पटना सिटी गैस वितरण नेटवर्क (सीजीडी) के लिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति भी करती है। यह देश के पूर्वी हिस्से में हरित ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक प्रमुख कीर्तिमान है। शेष भाग के लिए कार्य पूरी तेजी से चल रहा है और दिसम्बर 2021 तक चरणबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण होने संभावना है। मैटिक्स उर्वरक, दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल को गैस की आपूर्ति के लिए दोभी-दुर्गापुर पाइपलाइन खंड का निर्माण कार्य दिसम्बर, 2019 तक पूर्ण होने की संभावना है।

गेल देश के पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों में गैस की आपूर्ति करने के लिए वर्तमान में पाइपलाइन संबंधी परियोजनाओं में रु.25,000 करोड़ की लगभग 5,500 किलोमीटर पाइपलाइन का निष्पादन कर रहा है। रु.7,000 करोड़ के कैपेक्स सहित से 1,400 किमी की एक और पाइपलाइन का मूल्यांकन किया जा रहा है जो 2023 तक पूर्ण होने के लिए लक्षित है। गेल की ये पाइपलाइन परियोजनाएं राष्ट्रीय गैस ग्रिड का हिस्सा होंगी जो ग्रीन फ्यूल से अछूते क्षेत्रों को प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराएगी।

श्री बी.सी. त्रिपाठी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल (इंडिया) लिमिटेड ने कहा "गेल पूरे देश में प्राकृतिक गैस कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली राष्ट्रीय गैस ग्रिड बनाने की दिशा में प्रतिबद्ध है। गेल शीघ्र ही प्राकृतिक गैस से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर बिछाने के लिए आगामी विशाल कैपेक्स कार्यक्रम के लिए ऋण जुटाएगा।

श्री त्रिपाठी ने कहा कि "वित्त वर्ष 2018-19 के लिए गेल ने अपने रु.6400 करोड़ के कैपेक्स लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। बीजीपीएल सहित एकीकृत जेएचबीडीपीएल के लिए प्रमुख अनुबंध सौंप दिए गए हैं जो कि देश के आर्थिक विकास में सहयोग करेंगे और देश की पाइपलाइन परियोजना तथा शहर गैस वितरण नेटवर्क में रोज़गार के अवसर उपलब्ध करेंगे।